उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक – 26.09.2024

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल द्वारा पुलिस कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गई, फरियादियों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण के दिए निर्देश।

आज दिनांक 26.09.2024 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल द्वारा जनपदवासियों को उनकी समस्याओं के निस्तारण व उनको त्वरित न्याय दिलाये जाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गयी।

पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा जनसुनवाई को अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी बनाते हुये पीड़ितों से एक-एक करके उनकी समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना गया है। जनसुनवाई के दौरान जो भी फरियादी अपनी शिकायत/समस्याओं के समाधान की उम्मीद के साथ पुलिस अधीक्षक महोबा के समक्ष आये थे उन सभी की समस्याओं को सुनकर उनका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किये/कराये जाने का आश्वासन दिया गया है।

पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा प्राप्त हुई शिकायत के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किये जाने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं।

इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह भी मौजूद रहीं।






# महोबा पुलिस

**प्रेस विज्ञप्ति**
**दिनांक – 26.09.2024**

**मीडिया सेल, महोबा**

## महिला सशक्तिकरण हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत महिला बीट पुलिस अधिकारियों द्वारा पीड़िताओं एवं उनके परिवारीजनों की काउन्सलिंग कर शिकायतों का निस्तारण कर चलाया गया जन-जागरुकता कार्यक्रम-



पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद महोबा में महिला सशक्तिकरण हेतु चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान के तहत आयोजित जन-जागरुकता कार्यक्रमों के क्रम में आज दिनांक 26.09.2024 को अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती वन्दना सिंह के पर्यवेक्षण में जनपद में महिला बीट प्रणाली के सुदृढीकरण हेतु के थानों में गठित महिला बीट पुलिस अधिकारियों द्वारा अपने थाना क्षेत्र के गली- मोहल्लों एवं बीट क्षेत्र में भ्रमण कर वहां पर चौपाल का आयोजन कर उनकी समस्याओं को सुना गया तथा उनको जागरुक किया गया।

**चौपाल का आयोजन कर सुनी समस्याएं किया जागरुक-**

महिला बीट में तैनात की गई महिला पुलिसकर्मी अपनी बीट के गांवों में निरंतर भ्रमणशील हैं। महिला बीट पुलिस अधिकारियों द्वारा सम्बन्धित बीट के ग्रामीण अंचलों में जाकर महिलाओं के साथ होने वाले घरेलू विवाद, उत्पीड़न जैसी समस्याओं को सुना जा रहा है तथा उनकी समस्याओं के निराकरण के लिये जरुरी कदम उठाए जा रहे हैं। इसके अतिरिक्त महिला पुलिसकर्मी महिलाओं, युवतियों व छात्राओं को वीमेन पावर लाइन, डायल 112 जैसी विभिन्न पुलिस सेवाओं एवं शासन द्वारा उनके हित में की जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी देते हुए जागरुकता पम्पलेट्स भी वितरित किये जा रहे हैं।

उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 26.09.2024

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## थाना चरखारी की पुलिस टीम ने अवैध शराब के साथ 01 नफर अभियुक्त को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद महोबा में अपराध की रोकथाम हेतु अवैध शराब की बिक्री, परिवहन एवं निष्कर्षण पर प्रभावी रोक एवं ऐसे क्रियाकलापों में शामिल अभियुक्तों की चेकिंग एवं उनकी गिरफ्तारी/बरामदगी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में दिनांक 26.09.2024 को अपर पुलिस अधीक्षक, श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी चरखारी श्री रविकान्त गौड़ के निकट पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष श्री गणेश कुमार द्वारा गठित की गई उ0नि0 भूपेन्द्र सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा 01 नफर अभियुक्त जयसिंह राजपूत पुत्र घनश्याम सिंह उम्र करीब 48 वर्ष निवासी ग्राम करहरा खुर्द थाना चरखारी जनपद महोबा जिसके कब्जे से एक अदद झोले में 19 क्वार्टर देशी शराब ब्राण्ड झूम नाजायज बरामद करते हुए ग्राम बफरेथा थाना चरखारी जनपद महोबा के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियुक्त उपरोक्त के विरूद्ध थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 225/2024 धारा 60 आबकारी अधिनियम का अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही सम्पादित की गई।

### गिरफ्तार अभियुक्त-

जयसिंह राजपूत पुत्र घनश्याम सिंह उम्र करीब 48 वर्ष निवासी ग्राम करहरा खुर्द थाना चरखारी जनपद महोबा

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1. उ0नि0 भूपेन्द्र सिंह
2. हे0का0 राजकुमार सिंह
3. का0 मो0 कामिल



@MahobaPolice

## थाना पनवाड़ी की पुलिस टीम ने अवैध तमंचा व जिन्दा कारतूस के साथ 01 नफर अभियुक्त को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा श्री पलाश बंसल के निर्देशन पर जनपद महोबा में आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत अवैध शस्त्र के निर्माण, बिक्री एवं परिवहन से सम्बन्धित अपराध की रोकथाम एवं आपराधिक घटनाओं को अंजाम देने वाले अभियुक्तों के विरुद्ध चलाये जा रहे सघन चेकिंग/गिरफ्तारी अभियान के अनुपालन में आज दिनांक 26.09.2024 को अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ श्रीमती हर्षिता गंगवार के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना पनवाड़ी श्री मनीष कुमार पाण्डेय द्वारा गठित की गई उ0नि0 श्रीकृष्ण वैश्य के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा 01 नफर अभियुक्त रितिक राजपूत पुत्र राम नरेश उम्र 19 वर्ष निवासी ग्राम लिधौरा खुर्द थाना पनवाड़ी जनपद महोबा जिसके कब्जे से 01 अदद तमंचा 12 बोर व 01 अदद जिन्दा कारतूस नाजायज बरामद करते हुए ग्राम खंगर्रा के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियुक्त उपरोत के विरूद्ध थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 236/24 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया। बाद आवश्यक कार्यवाही अभियुक्त उपरोक्त को मा0 न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

## गिरफ्तार अभियुक्त-

रितिक राजपूत पुत्र राम नरेश उम्र 19 वर्ष निवासी ग्राम लिधौरा खुर्द थाना पनवाड़ी जनपद महोबा

## गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम –

1. उ0नि0 श्रीकृष्ण वैश्य
2. का0 कलीम खान 3. का0 रवि कुमार



उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं
प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 26.09.2024
# महोबा पुलिस
मीडिया सेल, महोबा
उत्तर प्रदेश पुलिस

## मिशन शक्ति अभियान के अन्तर्गत
## "परिवार परामर्श केन्द्र" कमेटी के सदस्यों ने
## परिवार को बिखरने से बचाया, परिवार में लौटी खुशियां-



आज दिनांक- 26.09.2024 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल के निर्देशन पर पुलिस लाइन अवस्थित सभाकक्ष में "परिवार परामर्श केन्द्र" कार्यक्रम का आयोजन प्रभारी महिला थाना सुषमा चौधरी की अध्यक्षता में समस्त सदस्यगणों की उपस्थिति में आयोजित किया गया, जिसमें द्वारा पति-पत्नी के 05 ऐसे जोड़े जिनके बीच पारस्परिक परिवारिक विवाद चल रहा था, उनकी काउंसिलिंग की गयी एवं उनके मध्य संबंधित समस्याओं को एक-एक करके गम्भीरता पूर्वक सुना गया तथा उनकी समस्याओं की काउंसिलिंग/परामर्श कर उनकी समस्याओं को सुलझाया गया जिसके परिणामस्वरुप पति-पत्नी का 01 जोड़ा आपस में एक साथ रहने के लिए राजी हो गए। जनपद महोबा पुलिस एवं परिवार परामर्श केन्द्र के सदस्यों के द्वारा किये गये सफल प्रयासों की सभी के परिवारीजनों ने धन्यवाद देते हुए आभार व्यक्त किया है।

परिवार परामर्श के दौरान म0कां0 रेखा देवी व काउंसलर क्रमशः श्रीमती अंशु शिवहरे, श्रीमती विभा पुरवार, श्री रामजी गुप्ता, श्री शिवकुमार गोस्वामी, श्री सुरेश चन्द्र जायसवाल आदि सम्मानित सदस्यगणों की मौजूदगी सराहनीय रही।